**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**रेलवे भर्ती बोर्ड: प्रयागराज**

**वेबसाइट: www.rrbpryj.gov.in** **फ़ोन नंबर: 0532-2224531**

# CEN 04/2025 (सेक्शन कंट्रोलर) के अंतर्गत चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेज़ सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षा हेतु सूची

1.0 नीचे दिए गए रोल नंबर वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़/प्रमाण पत्रों के सत्यापन व उम्मीदवारी की प्रामाणिकता की जाँच और चिकित्सा परीक्षण के लिये नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार अस्थायी रूप से चयनित किया गया है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे रेलवे भर्ती बोर्ड, रेलवे अस्पताल के पास, सूबेदारगंज प्रयागराज-211015 में नीचे उल्लिखित निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित हों। वेबसाइट: www.rrbpryj.gov.in, (फोन): 0532-2224531।

2.0 पंजीकृत मोबाइल/ईमेल आईडी पर उम्मीदवारों को आरआरबी की वेबसाइट से अपना ई-कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए एसएमएस/ईमेल अलर्ट भेजे जा रहे हैं।

3.0 दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को सीईएन और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए जारी किए गए ई-कॉल लेटर में दिये गये दिशा निर्देशों अनुसार सभी मूल दस्तावेज़ों के साथ ए4 आकार में फोटोकॉपी के दो सेट प्रस्तुत करने होंगे।

4.0 जिन उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा, कृपया ध्यान दें कि दस्तावेज़ सत्यापन पूरा होने के बाद, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के अगले दिन संबंधित आरआरबी के अधिकार क्षेत्र में स्थित नामित रेलवे अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन/चिकित्सा परीक्षण के लिए चार दिनों से अधिक समय तक अपने खर्च पर रुकने के लिए तैयार रहना होगा। उम्मीदवारों को निर्धारित चिकित्सा शुल्क मात्र 24 रुपये का भुगतान करना होगा। चिकित्सा परीक्षण के लिए अस्पतालों/स्वास्थ्य इकाई को कोई अन्य शुल्क नहीं देना होगा। दुर्लभ मामलों में, जहां सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, अपवर्तक नेत्र शल्य चिकित्सा न होने का परीक्षण आदि जैसी जांचें करनी हों, जिनके लिए रेलवे अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई में आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो ऐसी जांचों के लिए उम्मीदवारों को संबंधित प्रयोगशाला/अस्पताल को आवश्यक भुगतान करना पड़ सकता है।

5.0 सभी चयनित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह से अस्थायी है और भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या उसके बाद रद्द की जा सकती है, यदि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी में कोई असंगति/कमी/विसंगति पाई जाती है या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या उसके बाद उनके द्वारा की गई कोई भी कदाचार की जानकारी मिलती है।

6.0 यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि केवल किसी उम्मीदवार को शॉर्टलिस्ट करना या दस्तावेज़ सत्यापन/चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाना उसे रेलवे में नियुक्ति का किसी भी तरह से हकदार नहीं बनाता है।

7.0 परिणाम तैयार करने में हर संभव सावधानी बरती गई है, फिर भी आरआरबी, अनजाने में हुई किसी भी त्रुटि या टाइपिंग/मुद्रण संबंधी गलती आदि को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आरआरबी इस संबंध में उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार करने में असमर्थ है।

**महत्वपूर्णः** दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को अवैध रिश्वत के बदले नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षा की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है और चयन केवल योग्यता के आधार पर होता है। नियमित अपडेट और जानकारी के लिए कृपया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

**दस्तावेज सत्यापन तिथि: 14-07-2026 - दस्तावेज सत्यापन पाली – पूर्वाहन- रिपोर्टिंग समय: सुबह 9:00 बजे (23 उम्मीदवार)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13425113299229 | 13425113428792 | 13425117396115 | 13425119353750 | 13425119402616 |
| 13425213401745 | 13425213411064 | 13425213412014 | 13425213412501 | 13425217410489 |
| 13425225395237 | 13425312407511 | 13425413353778 | 13425413355115 | 13425413394780 |
| 13425413399504 | 13425413403348 | 13425413419361 | 13425413429616 | 13425419409700 |
| 13425515428258 | 13425517350904 | 13425517408335 | | |

i. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सभी दस्तावेजों की स्पष्ट स्कैन की गई छवियां, पासपोर्ट आकार की फोटो और हस्ताक्षर की रंगीन स्कैन की गई प्रतियां आरआरबी दस्तावेज़ सत्यापन पोर्टल https://oirms-ir.gov.in/rrbdv पर अपलोड करें और वहां दिए गए निर्देशों का विधिवत पालन करें। यह पोर्टल आपके दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि से 10 दिन पहले से लेकर आपकी सत्यापन तिथि तक दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए सक्रिय रहेगा।

ii. नियमित दैनिक सत्यापन तिथि पर अनुपस्थित उम्मीदवारों के मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए निर्धारित अतिरिक्त (ब्लॉक) तिथि: **27-07-2026**

iii. निर्धारित तिथि और अतिरिक्त (ब्लॉक) तिथि पर दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित न होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दिनांक: 30-06-2026 नोटिस सं. 24/2026 अध्यक्ष/आरआरबी / प्रयागराज